श्याम मेरा जीवन तेरे हवाले | by Kishori Kanishka

मेरी जिंदगी की हर ख्वाहिशें
एक तुझसे है मेरे श्याम
मेरी जिंदगी के हर मायने
एक तुझसे है मेरे श्याम
तू क्या जाने तू क्या है मेरे लिए श्याम
मेरी एक एक सांस का वजूद तुझसे है मेरे श्याम

हमें अपने दर का तू नौकर बना ले
मेरा अब यह जीवन है तेरे हवाले
तेरे हवाले श्याम तेरे हवाले

इतनी सी अर्जी है मेरे सांवरिया
नजरों में बसी हो तेरी सुरतिया
बदले में चाहे श्याम हमको नचा ले
मेरा अब यह जीवन है तेरे हवाले
तेरे हवाले श्याम तेरे हवाले

तेरे चाकरी में श्याम कितना मजा है
दुख की घड़ी में श्याम संग तू खड़ा है
मेरी श्याम नया तेरे हवाले
मेरा अब यह जीवन है तेरे हवाले
तेरे हवाले श्याम तेरे हवाले

तेरी बंदगी से बड़ा कुछ नहीं है
किशोरी की यादों में बस तू ही तू है
राही की किस्मत के खुले हैं ताले
मेरा अब यह जीवन है तेरे हवाले
तेरे हवाले श्याम तेरे हवाले

हमें अपने दर का तू नौकर बना ले
मेरा अब यह जीवन है तेरे हवाले
तेरे हवाले श्याम तेरे हवाले

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%9c%e0%a5%80%e0%a4%b5%e0%a4%a8-%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%b9%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b2/